# रिमझिम पाठ- 4. पापा जब बच्चे थे

<u>**तुम्हारी बात**</u>

**(क) पापा ने जितने काम सोचे, उनमें से तुम्हें सबसे दिलचस्प काम कौन-सा लगता है? क्यों?**

**उत्तर-** मुझे वायुयान चालक बनना सबसे दिलचस्प काम लगा है, क्योंकि वायुयान चालक बनकर मैं आसमान में उड़ने का मजा ले सकता हूँ|

**(ख) क्या तुम्हें भी घर में बता या जाता है कि तुम्हें बड़े होकर क्या काम करना है ? कौन – कौन कहता है ? क्या कहता है ?**

**उत्तर –** हाँ, मुझे घर में भी बताया जाता है कि मुझे बड़े होकर क्या काम करना है| मेरी मम्मी कहती कि मैं डॉक्टर बनूँ, जबकि पापा कहते हैं कि मैं इंजीनियर बनूँ |

**(ग) अपनी मम्मी है पापा से बात करो कि वह जब बच्चे थे तब बड़े होकर क्या क्या करने की सोचते थे?**

**उत्तर-** मेरे पापा जब बच्चे तब उन्हें खेलने में बहुत मजा आता था| इसलिए वह खिलाड़ी बनना चाहते थे| बाद में जब स्कूल में उन्होंने देखा कि सारे बच्चे टीचर का कहना मानते हैं तो उन्होंने टीचर बनने की सोची| फिर उन्हें लगा कि ड्राइवर बनने में तो बहुत मजा है, खूब घूमने को मिलेगा| फिर उन्होंने सोचा कि वह पुलिसवाला बनकर सब पर रोब गाँठेंगे|

Scanned by TapScanner

**(घ) अपने घर के किसी भी एक सदस्य से उसके काम के बारे में जानकारी हासिल करो |**

**प्रश्न- पता करो उसके काम को किस नाम से जाना जाता है ?**

**उत्तर –** मेरी अंकल एक ऑफिस में काम करते हैं| क्लर्क के नाम से जाना जाता है|

**प्रश्न- उस काम को अच्छी तरह करने के लिए कौन-कौन सी बातें मालूम होनी चाहिए ?**

**उत्तर-** उस काम को अच्छी तरह करने के लिए हिंदी और अंग्रेजी पढ़ना-लिखना आना चाहिए| हिसाब-किताब करना आना चाहिए| कंप्यूटर चलाने की जानकारी होनी चाहिए|

**प्रश्न- उन्हें अपने काम में किन बातों से परेशानी होती है ?**

**उत्तर-** जब वह किसी एक काम को कर रहे होते हैं और बीच में कोई दूसरा काम लेकर पहुँच जाता है, तब उन्हें परेशानी होती है|

Scanned by TapScanner